भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2037
उत्तर देने की तारीख 14 मार्च, 2022 (सोमवार)
23 फाल्गुन, 1943 (शक)

प्रश्न

उत्तर-पूर्वी विकास वित्त निगम

2037. श्री सी. लालरोसांगा:

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर-पूर्वी विकास वित्त निगम (एनईडीएफसी) ने हाल ही में महीने भर चलने वाले स्टार्ट-अप निवेश महोत्सव, 2022 का आयोजन किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस महोत्सव को आयोजित करने के क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ने हाल ही में उत्तर पूर्वी उद्यम निधि शुरु की है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि निर्धारित की गई है;
(ङ) क्या सरकार ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास के लिए स्टार्ट-अप संबंधी विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): उत्तर पूर्वी विकास वित्त निगम लिमिटेड (नेडफी) ने 15.02.2022 से 15.03.2022 तक एक स्टार्टअप निवेश महोत्सव, 2022 का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम स्थानीय उद्यमियों को अपने व्यावसायिक विचारों को प्रदर्शित करने और अपने व्यवसायों को बढ़ाने के लिए पूंजी तक पहुंच के माध्यम से निवेश के लिए प्रयास करने हेतु एक मंच प्रदान करेगा। इससे उन्हें मार्गदर्शन संबंधी सहायता, सलाहकार नेटवर्क, निवेशक नेटवर्क, विपणन सहायता आदि जैसी अन्य सुविधाओं का लाभ उठाने में भी मदद मिलेगी।

इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) के स्टार्ट-अप्स और पहली पीढ़ी के उद्यमियों तक पहुंचना और इस क्षेत्र में स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है।

(ग) और (घ): उत्तर पूर्व उद्यम निधि (एनईवीएफ) नेडफी, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा प्रवर्तित पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक समर्पित उद्यम निधि है। इसे सितंबर, 2017 में 100 करोड़ रुपये के कोष के साथ लॉन्च किया गया था जिसमें उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय से ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 45 करोड़ रुपये, स्वयं नेडफी द्वारा 30 करोड़ रुपये और सिडबी से 25 करोड़ रुपये का योगदान शामिल था । यह सेबी (एआईएफ) विनियम, 2012 के तहत भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के अंतर्गत एक क्षेत्र-निरपेक्ष फंड के रूप में पंजीकृत है। अब तक, स्वास्थ्य सेवा, एडुटेक, कृषि एवं कृषि संबद्ध, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी और आईटीईएस आदि क्षेत्रों में एनईवीएफ के अंतर्गत कुल 36 प्रस्तावों को 74.77 करोड़ रुपये की सैद्धांतिक प्रतिबद्धता (मंजूरी) दी गई है।

(ङ) और (च): सरकार ने अन्य बातों के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्टार्ट-अप्स के विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए विभिन्न पहलें की हैं जो निम्नानुसार हैं:-

(i) फरवरी, 2018 में राज्यों का स्टार्टअप रैंकिंग फ्रेमवर्क (एसआरएफ) शुरू किया गया जिसके तहत निम्नलिखित कार्यशालाओं/दौरों का आयोजन किया गया है:-

(क) नॉलेज एक्सचेंज वर्कशॉप्स (एसआरएफ 2018)

(ख) नॉलेज एक्सचेंज वर्कशॉप्स (एसआरएफ 2019)

(ग) अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर विज़िट (एसआरएफ 2019)

(घ) नॉलेज एक्सचेंज वीक (एसआरएफ 2020)

(ii) स्टार्टअप इंडिया यात्रा पहल: उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने 2017 में स्टार्टअप इंडिया यात्रा शुरू की थी ताकि जमीनी स्तर के स्टार्टअप उम्मीदवारों को इनक्यूबेशन, परामर्श और वित्तपोषण सहायता प्रदान करके उनके माध्यम से विभिन्न राज्यों में ग्रामीण और गैर-मेट्रो क्षेत्रों में उद्यमशीलता को बढ़ावा दिया जा सके। इस पहल के एक भाग के रूप में मणिपुर, असम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में जनवरी 2019 से मार्च 2019 तक इन 7 राज्यों के 44 जिलों के 6600 से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचने के लिए बूटकैंप आयोजित किए गए थे। कुल मिलाकर, 57 विजेताओं को नकद पुरस्कार के रूप में 20.1 लाख रुपये की वित्तपोषण सहायता के साथ 179 इनक्यूबेशन ऑफर दिए गए थे।

(iii) डीपीआईआईटी कार्यक्रम के विंग (डब्ल्यूआईएनजी) नामक एक भाग के रूप में - 27-28 फरवरी, 2020 को गुवाहाटी, असम में 45 उपस्थित लोगों के साथ; और दिनांक 22-23 जनवरी 2020 को कोहिमा, नागालैंड में 114 उपस्थित लोगों के साथ मौजूदा और आकांक्षी महिला उद्यमियों के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। प्रतिभागियों के लिए वेंचर आइडिएशन और बिजनेस मॉडल सत्यापन, शासन, वैधिक / अनुपालन, विपणन / ब्रांडिंग, डिफरेन्शल बनाना, वित्त और वित्तीय निर्णय और ग्राहक अधिग्रहण रणनीति दक्षता और स्केलिंग-अप जैसे विषयों पर परामर्श सत्र आयोजित किए गए थे।

(iv) मेघालय और असम में स्टार्टअप संवेदीकरण प्रशिक्षण: 25 सितंबर, 2021 को शिलांग में डीपीआईआईटी द्वारा एक प्रत्यक्ष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया था जिसमें राज्य के लगभग 40 उद्यमियों ने भाग लिया और अपने अनुभवों और सफलता की कहानियों को साझा किया। 23 सितंबर 2021 को गुवाहाटी में डीपीआईआईटी द्वारा एक स्टार्टअप बूटकैंप आयोजित किया गया था, जिसमें असम के लगभग 30 स्टार्टअप्स ने भाग लिया और उन्हें स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया गया।

(v) इनक्यूबेटर क्षमता निर्माण सहभागिता (मिजोरम): स्टार्टअप इंडिया ने मिजोरम राज्य उद्यमिता विकास निगरानी समिति के साथ मिलकर क्षमता निर्माण कार्यक्रम के एक भाग के रूप में 22 अक्टूबर, 2021 को मिजोरम के इनक्यूबेटरों के साथ एक परामर्श सत्र का आयोजन किया।

****